बिहार सरकार

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

## सूचना

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना द्वारा वाहन चालक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–37/2023 प्रकाशित किया गया था। तदोपरान्त बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना द्वारा वाहन चालक के 72 रिक्त पदों के विरूद्ध अनुशंसित 57 अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया गया एवं परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। अनुशंसित अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण–पत्रों की सत्यापन/जाँच हेतु दिनांक–30.09.2024 एवं दिनांक–01.10.2024 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार, पटना के कार्यालय में उपस्थित होने संबंधित सूचना PR.No.-008609(Forest)2024-25 द्वारा दिनांक–20.09.2024 एवं शेष अनुपस्थित अभ्यर्थियों को पुनः द्वितीय अवसर प्रदान करते हुए दिनांक–25.03.2025 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार, पटना के कार्यालय में उपस्थित होने संबंधित सूचना PR.No.-0021245(Forest)2024-25 द्वारा दिनांक–08.03.2025 को प्रकाशित समाचार–पत्रों तथा विभागीय वेबसाईट http://www.forest. bih.nic.in के माध्यम से दी गयी थी।

2. निम्नलिखित आवेदन संख्या के दो अभ्यर्थियों द्वारा अबतक शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण–पत्रों का जाँच/सत्यापन (Verification of Certificates) नहीं कराया गया है :–

| आवेदन संख्या | |
|---|---|
| DR009636 | DR010743 |

उपर्युक्त कंडिका–2 में वर्णित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक–25/09/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे संजय ऑडिटोरियम, अरण्य भवन, शहीद पीर अली खॉ पथ (राईडिंग रोड), शेखपुरा, पटना–800014 में अभिलेखों की मूल प्रतियों के साथ अभिलेख/प्रमाण–पत्रों की जाँच/सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

यदि उपर्युक्त निर्धारित तिथि पर, जो अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होते हैं, तो यह माना जाएगा की वे इस सेवा में योगदान देने हेतु इच्छुक नहीं हैं और उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी।

ह०
15/09/2025

मुख्य वन संरक्षक,
प्रशासन एवं मानव संसाधन विकास,
बिहार, पटना।